प्रथम सत्र, 2021
का प्रथम मंगलवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

मंगलवार,

मंगलवार 11 फाल्गुन , शक संवत्, 1942

(दिनांक : 02 मार्च, 2021)

## नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>19.02.2021 | ******क्या पर्यावरण एवं ठोस अपशिष्ट निवारण मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड राज्य पर्यावरण की दृष्टि से अत्यधिक संवदेनशील है ? क्या सरकार द्वारा राज्य के लिए कोई पर्यावरण नीति बनायी गई है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि नीति कब तक बना दी जायेगी ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी तत्सम्बन्धी विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण एवं ठोस अपशिष्ट निवारण |

नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी
03.02.2021

*1. क्या संस्कृति मंत्री बतायेंगे कि राज्य में प्राचीन, ऐतिहासिक महत्व की पौराणिक विरासत को संरक्षित रखने व अध्ययन की व्यवस्था है? यदि हां तो विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग जनपद चमोली के विकास खण्ड, गैरसैंण में स्थित ग्राम पंचायत सारकोट के ऐतिहासिक कोर्ट/कोठा भवन जो कि सन् 2013 की आपदा के कारण विलुप्त होने के कगार पर है, का सरकार संरक्षण करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों?

संस्कृति

श्री देशराज कर्णवाल
चमार साहब
03.02.2021

*2. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि अनुसूचित जाति उप योजना (एस0सी0एस0पी0) जो अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक समग्र उत्थान के लिए केन्द्र की विशेष सहायता के द्वारा संचालित की जाती है, को प्रभावी, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने के लिए तेलंगाना और कर्नाटका में अधिनियम (एक्ट) बनाया गया उसी प्रकार क्या सरकार भी तेलंगाना की तर्ज पर अनुसूचित जाति उप योजना (एस0सी0एस0पी0) को अधिनियमित करने की योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

समाज कल्य

श्री धन सिंह नेगी
03.02.2021

*3. क्या संस्कृति मंत्री अवगत हैं कि संस्कृति विभाग राज्य के ऐतिहासिक स्थलों के पुनर्निर्माण के लिये प्रतिबद्ध है ? यदि हां, तो क्या सरकार संस्कृति विभाग द्वारा अभी तक की गयी कार्यवाही का विवरण उपलबध करायेगी ? क्या यह भी सत्य है कि संस्कृति विभाग सांस्कृतिक ग्राम योजना पर भी कार्य कर रहा है ? यदि हां, तो इस योजना का प्रारूप क्या है तथा इस पर अभी तक क्या–क्या कार्य हुआ है, कितने सांस्कृतिक ग्राम विकसित किये जायेंगे और इसके फलस्वरूप राज्य की सांस्कृतिक धरोहर के व्यापक प्रचार–प्रसार में क्या प्रभाव होगा? यदि नहीं, तो क्यों ?

संस्कृति

श्री प्रीतम सिंह पंवार
04.02.2021

*4. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के बुजुर्गों (महिला–पुरूष) के लिए वृद्धावस्था पेंशन के अलावा उनके कल्याण हेतु कोई विशेष योजना चलाये जाने पर विचार किया जा रहा है? क्या सरकार उनकी शारीरिक अक्षमता को दृष्टिगत रखते हुए उनके समुचित पोषण तथा देखभाल के लिए कोई विशेष योजना चलायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

समाज कल्य

श्री प्रीतम सिंह पंवार
04.02.2021

*5. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वैश्विक महामारी कोरोना कोविड–19 के संक्रमण को फैलने से रोकने के परिणामस्वरूप राज्य में लॉकडाउन किया गया इस अवधि में यातायात ठप्प रहा ? क्या सरकार बतायेगी कि यातायात ठप्प रहने के कारण मोटरवाहन ट्रक, टैक्सी, मैक्स कैब, रिक्शा, विक्रम का संचालन बन्द रहा ? क्या यह

परिवहन

सत्य है कि इस अवधि में यातायात परिवहन मोटर, ट्रक मालिकों, टैक्सी, मैक्स कैब, रिक्शा विक्रम मालिकों को बैंक ऋण व ब्याज की किस्तों को भरने तथा सरकारी टैक्स आदि भरने में परेशानियों का सामना करना पड़ा ? क्या सरकार इस अवधि के सारे सरकारी टैक्स माफ करने व इन सभी प्रकार के वाहन स्वामियों को राहत प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों?

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>04.02.2021 | *6. क्या बाढ़ नियन्त्रण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में बरसात के समय में पहाड़ी तथा शहरी क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हो जाते है, जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में कई हैक्टेयर भूमि बाढ़ के कारण बह जाती है तथा शहरी क्षेत्रों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है इसे रोकने के लिए सरकार द्वारा कोई प्रयास किये जा रहे है, जिससे आम जनमानस को इस समस्या से निजात मिल सके ? यदि हां, तो क्या ? नही, तो क्यों ? | बाढ़ नियन्त्रण |
| श्री गणेश जोशी<br>04.02.2021 | *07. क्या समाज कल्याण मंत्री बतायेंगे कि समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति एवं सामान्य जाति में विधवा पेंशन प्राप्त कर रही महिला की पुत्री के विवाह हेतु कितनी धनराशि दी जाती है? क्या यह भी सत्य है कि इस धनराशि को प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को बीपीएल श्रेणी अथवा रूपये 1250 की धनराशि का आय प्रमाण पत्र अति आवश्यक होता है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि रूपये 1250 की धनराशि का प्रमाण पत्र जारी होना बहुत मुश्किल होता है और इस कारण से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को योजना का लाभ नहीं मिल पाता है? क्या सरकार एस0सी0/एस0टी0 एवं सामान्य जाति की विधवा महिलाओं के पुत्रियों के विवाह हेतु दिये जाने वाले अनुदान के लिए आय की सीमा को बढ़ाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्य |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>05.02.2021 | **द्वितीय मंगलवार के तारांकित प्रश्न संख्या–10 में स्थानान्तरित।**<br>*08. क्या तीर्थाटन एवं धार्मिक मेले मंत्री अवगत हैं कि केदारनाथ धाम में घोड़े – खच्चर संचालन का कार्य जम्मू कश्मीर की एक कम्पनी द्वारा करवाया जा रहा है ? क्या यह सत्य है कि स्थानीय बेरोजगार वर्षों से मांग करते आ रहे हैं कि इस कार्य का संचालन स्थानीय बेरोजगारों को दिया जाय ? क्या सरकार इस दिशा में कोई कदम उठायेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो स्थानीय परम्परागत हक हकूक को प्राथमिकता न दिये जाने का क्या औचित्य है ? | तीर्थाटन एवं धार्मिक मेले |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>05.02.2021 | *09. क्या संस्कृति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण की क्या नीति है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि वर्ष 2017 से मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण हेतु विभाग की कौन–कौन सी योजनाएं स्वीकृत हैं तथा स्वीकृति के बाद | संस्कृति |

अभी तक कितनी योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है एवं कितनी योजनाओं में कार्य नहीं हो पाया है ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि स्वीकृत योजनाओं के पूर्ण न होने के क्या कारण है ?

श्री संजीव आर्य
08.02.2021

*10. क्या सिंचाई मंत्री अवगत है कि प्रदेश के पर्वतीय जनपदों में सरकार द्वारा पूर्व में स्वीकृत की गयी ट्यूबवैल सिंचाई योजनाओं में जमीन की संरचना, भू–जल की अनुलब्धता एवं आर्थिक रूप से अव्यवहारिकता के कारण योजनाओं को बाद में स्थगित किया गया है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि प्रदेश में ऐसी स्थगित की गयी ट्यूबवैल सिंचाई योजनाओं की कुल कितनी संख्या है ? क्या सरकार ऐसे स्थानों पर यदि लिफ्ट सिंचाई योजना का विकल्प उपलब्ध हो तो पूर्व में स्वीकृत एवं बाद में उपरोक्त कारणोंवश स्थगित की गयी ट्यूबवैल सिंचाई योजनाओं के स्थान पर नावार्ड के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में लिफ्ट सिंचाई योजनाओं को स्वीकृत करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई

श्री सहदेव सिंह पुण्डीर
09.02.2021

*11. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधानसभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत स्वारना, आसन, शीतला, यमुना नदी आदि व अन्य छोटी नदियां/खाले बहते हैं जिससे बरसात के मौसम में नदी/खालों से लगी हुई भूमि का कटाव होता है जिस कारण कृषि योग्य भूमि बह जाती है व आबादी क्षेत्र में भी पानी आ जाने से घरों को नुकसान होता है ? क्या सरकार क्षेत्रवासियों को उक्त समस्या से निजात दिलाये जाने हेतु नदी/खालों के दोनों ओर सुरक्षा दीवार लगाये जाने की कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई

श्री प्रीतम सिंह पंवार
09.02.2021

*12. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विविध, पर्यटक स्थलों, बुग्यालों तथा नैसर्गिक तालों को जाने वाले ट्रेकिंग रूट्स का निर्माण कराया जाता है ? क्या सरकार बतायेगी कि वर्ष 2017–18, 2018–19 तथा 2019–20 में किन–किन जनपदों में विद्यमान प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों, बुग्यालों तथा नैसर्गिक सुन्दरता वाले तालों को जाने वाले मार्गों (ट्रेकिंग रूट्स) का निर्माण/पुनर्निर्माण तथा मरम्मत व तत्सम्बन्धी कार्य करवाये गये तथा इन मार्गों पर मदवार कुल कितनी धनराशि का व्यय किया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पर्यटन

श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी
10.02.2021

*13. क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि राज्य में ऐसी कितनी सड़कें हैं जिनका निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है तथा निर्माणदायी संस्था द्वारा आ0टी0ओ0 (परिवहन विभाग) से इसके निरीक्षण हेतु कई बार लिखने के बाद भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया है? यदि हां, तो ऐसे में दुर्घटना की स्थिति में मृतकों तथा किसी प्रकार की क्षति के मुआवजे में आर0टी0ओ0 (परिवहन विभाग) की अनुमति के अभाव में मुआवजा आदि में दिक्कतें तथा घरेलू गैस आदि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति भी संभव नहीं हो पा रही है ? यदि हां,

परिवहन

| | | |
|---|---|---|
| | तो क्या मंत्री जी अवगत हैं कि जनपद चमोली की गौचर–दुवा, मटियाला–कृषाल मार्ग परिवहन विभाग के निरीक्षण के अभाव में पास नहीं हुई है ? यदि हां, तो क्यों ? | |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>10.02.2021 | *14. क्या लघु सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत सिंचाई गूलें क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिस कारण कृषकों को सिंचाई करने में पेरेशानी उत्पन्न हो रहीं है? क्या सरकार कृषकों की समस्या का निराकरण हेतु गूलों का सुधारीकरण कार्य करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री खजान दास<br><br>11.02.2021 | *15. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि राजपुर रोड विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत चन्दर नगर नाले को आच्छाादित, बरसाती नाले के जल निकास योजना को स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु सिंचाई विभाग देहरादून द्वारा रू0 146.28 लाख का प्राक्कलन शासन को प्रेषित किया गया था किन्तु अब तक भी चन्दर नगर नाले को आच्छादित, बरसाती नाले के जल निकासी योजना को स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है ? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि चन्दर नगर में खुले में बह रहे नाले से लोगों का जीना दूभर हो रखा है तथा आये दिन जनमानस को संक्रामक रोगों का खतरा बना रहता है ? क्या सरकार जनहित में राजपुर रोड विधानसभा अन्तर्गत चन्दर नगर नाले को आच्छादित, बरसात नाले के जल निकास योजना को स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.09.2019 | 01. क्या ग्रामीण तालाब विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ग्रामीण तालाब विकास हेतु कोई योजना गतिमान है ? यदि हां, तो वर्ष 2017–18 तथा 2018–19 में कुल कितने ग्रामीण तालाब विकसित किए गये है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि ग्रामीण तालाब निर्माण हेतु सरकार द्वारा काश्तकारों/ग्रामीणों को वित्तीय सहायता दी जा रही है ? यदि हां तो वह क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ग्रामीण तालाब विकास |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>03.02.2021 | 01. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि रूद्रप्रयाग जनपद के जसोली में ''**हरियाली देवी पर्यटक आवास**'' की स्थिति दयनीय बनी हुई है? इस आवास के सुधार के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं ? यदि हां, तो कब तक उक्त पर्यटक का सुधारीकरण कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>03.02.2021 | 02. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में कितनी सिंचाई पम्पिंग योजनाओं का आंगणन शासन को प्राप्त हुआ है ? क्या मंत्री जी यह भी | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| | बताने का कष्ट करेंगे कि चमोली के दशोली विकास खण्ड में मासौं गांव के लिये सिंचाई पम्पिंग योजना के लिये सरकार द्वारा धनराशि अवमुक्त कर दी गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>03.02.2021 | 03. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में एक ऑडिटोरियम, प्रेक्षा गृह बनाने की घोषणा की गई है? यदि हां, तो क्या सरकार उसकी प्रगति रिपोर्ट सार्वजनिक करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>03.02.2021 | 04. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के सीमान्त गांव मलारी तक के लिये उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बस सेवा प्रारम्भ करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.02.2021 | 05. क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान वित्तीय वर्ष में लघु सिंचाई विभाग की सिंचाई गूलों, सिंचाई हौज के निर्माण/पुनर्निर्माण तथा मरम्मत कार्यों हेतु कुल कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है? क्या सरकार बतायेगी कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी अन्तर्गत विकासखण्ड जौनपुर तथा थौलधार की किन–किन ग्राम पंचायतों में स्थित सिंचाई गूलों तथा हौज के निर्माण/पुनर्निर्माण तथा मरम्मत कार्यों हेतु धनावंटन किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | लघु सिंचाई |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.02.2021 | 06. क्या पिछड़ा क्षेत्र विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की भांति व्यावसायिक एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र–छात्राओं को कम ब्याज दर पर रोजगार तथा शिक्षा ऋण उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था हेतु आयोग द्वारा संस्तुतियां व सुझाव सरकार को दिये गये थे? यदि हॉ, तो क्या सरकार द्वारा इस आशय का शासनादेश निर्गत किया गया है और अब तक प्रदेश के कितने छात्र–छात्राओं को लाभान्वित किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | पिछड़ा क्षेत्र विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>04.02.2021 | 07. क्या पिछड़ा क्षेत्र विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड अन्य पिछडा वर्ग आयोग द्वारा प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग बाहुल्यता क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास योजना प्रारम्भ कराये जाने की सरकार से संस्तुति की गई थी? सरकार द्वारा इन क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधा योजना प्रारम्भ करने की दिशा में क्या–क्या कार्य किये जा रहे है? यदि नहीं, तो क्यों? | पिछड़ा क्षेत्र विकास |
| श्री गणेश जोशी<br>04.02.2021 | 08. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि समाज कल्याण द्वारा जारी की जाने वाली पेंशन के लिए आय प्रमाण पत्र की बाध्यता है और यह आय प्रमाण पत्र रूपये 4000 से अधिक नहीं होनी चाहिए? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| | रूपये 4000 के आय प्रमाण पत्र को बनाने के लिए तहसील स्तर पर अत्यधिक दिक्कत होती है? क्या यदि हॉ, तो क्या सरकार पेंशन हेतु आय सीमा को बढ़ाने या तहसील कार्मिकों को प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश जारी करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>04.02.2021 | 09. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 18–60 वर्ष की आयु ब्रेकेट में प्रदेश में कुल कितनी विधवायें तथा परित्यक्तायें हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि पेंशन के अतिरिक्त सरकार द्वारा इनके कल्याण की कोई अन्य योजना संचालित हैं? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>04.02.2021 | 10. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जिला चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सक न होने के कारण कई दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बन पाता है, जिसके कारण वे सरकार द्वारा प्रदत्त पेंशन सविधा का लाभ नहीं ले पाते हैं? यदि हॉ, तो क्या ऐसे लोगों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने की सरकार कोई कार्ययोजना बनायेगी? यदि हां तो, कब तक? यदि नही, तो क्यों? | समाज कल्याण |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>04.02.2021 | 11. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि रूद्रप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई नहर नगरासू, कोट तथा सारी संचालित हैं, जिनकी स्थिति रखरखाव के अभाव में दयनीय है? क्या सरकार इन नहरों की दशा को सुधारेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>04.02.2021 | 12. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के पोखरी विकासखण्ड में गढ़वाल मण्डल विकास निगम का अतिथिगृह की स्वीकृति किस वर्ष में हुई है तथा इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई थी? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त अतिथि गृह को कब से संचालित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री महेन्द्र भट्ट<br>04.02.2021 | 13. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के दूरस्थ विकास खण्ड पोखरी से ऋषिकेश तथा ऋषिकेश से दिल्ली के लिये परिवहन निगम की बस सेवा प्रारम्भ करने पर सरकार विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>05.02.2021 | 14. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि रूद्रप्रयाग विधानसभा के पूर्वी बांगर के ग्राम खोड़ डांगी बक्सीर व भुनालगांव के लिए सिंचाई नहर की मांग लम्बे समय से चली आ रही है तथा जिसका रू0 415.47 लाख का आगणन शासन में लम्बित है? क्या सरकार इस नहर का निर्माण कार्य प्रारम्भ करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>05.02.2021 | 15. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के कितने स्थानों से प्रदेश के विभिन्न स्थानों के लिए उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बसें संचालित हैं ? क्या यह सत्य है कि रूद्रप्रयाग से पूर्व में संचालित बस को बन्द कर दिया गया है? यदि हां तो सरकार इस बस सेवा को पुनः संचालित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | परिवहन |
| श्री मनोज रावत<br>08.02.2021 | 16. क्या पर्यटन मंत्री के संज्ञान में है कि जनपद चमोली के ग्राम औली सिंह धार में वर्ष 2007–08 में सैफ विन्टर गेम्स हेतु राजस्व विभाग द्वारा स्थानीय ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहित कर पर्यटन विभाग को हस्तान्तरित की गई थी ? यदि हॉ, तो क्या यह सत्य है कि ग्राम सलूड़ डूंगा के खसरा नं0 9 से 23 के चारों ओर दीवार, घेरबाड़, गौशाल, पंचनाग मन्दिर के तालाब एवं खसरा नं0 20 का अधिग्रहण किया गया, जिसके मुआवजे का भुगतान ग्रामीणों को अभी तक नहीं किया गया है? यदि हॉ, तो क्या सरकार जनहित में ग्रामीणों की अधिग्रहित भूमि के मुआवजे का भुगतान शीघ्र करवायेगी ? यदि हॉ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>08.02.2021 | 17. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग में विधान सभावार कुल कितनी लिफ्ट सिंचाई योजनायें लघुडाल की स्थापित हैं तथा अपनी सिंचन क्षमता का कितना प्रतिशत तक सिंचन कर पा रही हैं ? इन लिफ्ट सिंचाई योजनाओं का संचालन किन कार्मिकों द्वारा किया जाता है ? क्या सरकार इन कार्मिकों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान वेतन के रूप में करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री भरत सिंह चौधरी<br>08.02.2021 | 18. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि अप्रैल–मई में शुरू होने वाली चारधाम यात्रा सीजन में पर्वतीय जिलों में वाहनों की नितान्त कमी हो जाती है जिसके कारण स्थानीय निवासियों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित होती है ? क्या सरकार इस दौरान प्रभावित जनपदों में उत्तराखण्ड़ परिवहन निगम की कुछ अन्य बसे संचालित करेंगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री नवीन चन्द्र दुम्का<br>09.02.2021 | 19. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि सिंचाई विभाग हल्द्वानी की गौलापार की 11 पंचायतों के लगभग 70 राजस्व ग्राम व तोक को सिंचित करने वाली मुख्य पोषक नहर जो लगभग 150 वर्ष से अधिक पुरानी है, गौला पुल के काठगोदाम के पास भूमिगत है तथा वर्तमान में नदी/बैराज में पर्याप्त पानी के बाद भी नहर चोक होने के कारण पानी नहीं ले पाती है? क्या मंत्री जी यह बतायेंगे कि इसकी वास्तविक लम्बाई (भूमिगत भाग) क्या है तथा पूरी सफाई आखिरी बार कब की गयी थी तथा कितना बजट व्यय हुआ था? क्या मंत्री जी वर्ष 2021–22 के बजट में इसकी सफाई का प्रावधान करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>09.02.2021 | 22. क्या परिवहन मंत्री अवगत है कि कुमायूँ मण्डल की जनता को राजधानी पहुँचने के लिए रामनगर से कोई भी सीधी रेल सेवा उपलब्ध न होने के कारण जनता को बसों के माध्यम से आवागमन करना पड़ता है जिसमें काफी समय की बर्वादी होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा रामनगर से हरिद्वार जाने वाली रेलगाड़ी संख्या 15034 को आगे देहरादून तक बढ़ाए जाने हेतु भारत सरकार नई दिल्ली को कोई प्रस्ताव भेजा गया है ? यदि हां, तो सम्बन्धित रेलगाड़ी के परिचालन की स्वीकृति रेल मन्त्रालय द्वारा प्रदान कर दी गई हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.02.2021 | 24. क्या अल्प संख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अल्पसंख्यकों की जनपदवार कुल कितनी जनसंख्या है ? सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए वे कौन–कौन सी योजनायें/कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि वर्ष 2017–18, 2018–19 तथा 2019–20 में अल्पसंख्यकों के कल्याण पर कुल कितना व्यय सरकार द्वारा किया गया ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री आदेश चौहान<br>09.02.2021 | 25. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में समस्त सरकारी अधिकारी व कर्मचारी विभागों द्वारा किराये पर लिए व्यवसायिक वाहनों पर नियम विरूद्ध सफेद रंग की नम्बर प्लेट का उपयोग कर रहे हैं? यदि हां, तो क्या सरकार इन सफेद रंग की नम्बर प्लेटों को अधिकृत करने की योजना पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| श्री आदेश चौहान<br>09.02.2021 | 26. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार जनपद में गंग नहर से निकलने वाला जगजीतपुर माइनर (नाला) जगजीतपुर के आबादी क्षेत्र में बार–बार टूट जाता है जिसके कारण इस क्षेत्र में जल भराव होने से स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और इन्हें भारी नुकसान भी होता है? यदि हां, तो क्या सरकार जगजीतपुर माइनर (नाला) को पक्का कराये जाने पर शीघ्र विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री मनोज रावत<br>10.02.2021 | 27. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कितने होम स्टे पंजीकृत हैं ? इनमें से केदारनाथ विधान सभा की ऊखीमठ तहसील में कितने होम स्टे पंजीकृत हैं ? इन पंजीकृत होम स्टे का संचालन करने वाले व्यक्तियों को सरकार द्वारा क्या–क्या सुविधा प्रदान की जाती हैं ? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यटन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>10.02.2021 | 28. क्या समाज कल्याण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि अल्पसंख्यक कल्याण एवं अनुसूचित जनजाति उप योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति व अल्पसंख्यकों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं? यदि हां, तो उक्त योजनाओं का उत्तराखण्ड गठन से अब तक आवंटित धनराशि का जनपदवार एवं | समाज कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| | विधानसभावार विवरण क्या है ? क्या सरकार द्वारा यह धनराशि समय पर अवमुक्त की जा रही है? यदि हां, तो कितनी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>10.02.2021 | 29. क्या सिंचाई मंत्री बतायेंगे कि जनपद चमोली के ग्राम देवलीबगड़ में अलकनन्दा नदी में सन् 2013 में बाढ़ से गांव की बाढ़ सुरक्षा योजना की कोई योजना बनी थी तथा उसकी निविदा भी आमंत्रित की गई थी, उसकी लागत क्या थी ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि इस योजना पर अभी तक कार्य प्रारम्भ न होने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार इस योजना पर शीघ्र कार्य प्रारम्भ करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>10.02.2021 | 30. क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत पूर्व में निर्मित कुछ ट्यूबवेल में पानी कम होने की समस्या बनी हुई है और कुछ सिंचाई नलकूप फेल हो चुके हैं, जिस कारण कृषकों को सिंचाई करने में परेशनी उत्पन्न हो रही हैं? क्या सरकार कृषकों की उक्त समस्या के निराकरण हेतु नये ट्यूबवेलों का निर्माण कराएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सिंचाई |
| श्री महेन्द्र भटट<br>10.02.2021 | 31. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून/हरिद्वार से जनपद चमोली के विकास खण्ड दशोली के दूरस्थ क्षेत्र बछेर तक के लिए रोड़वेज बस सेवा प्रारम्भ करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>10.02.2021 | **द्वितीय बुधवार के अता0 प्रश्न सं0. 11 में स्थानान्तरित।**<br>32. क्या परिवहन मंत्री अवगत है कि काशीपुर शहर में निजी बसों एवं ट्रकों के बढ़ते दबाव के कारण मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है और इस समस्या के निदान हेतु काशीपुर में ट्रान्सपोर्ट नगर की स्थापना कराया जाना सरकार के विचाराधीन हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा काशीपुर के एक्कार्ट फार्म में सरकार के पास उपलब्ध भूमि में ट्रान्सपोर्ट नगर बनाये जाने का निर्णय लिया गया है ? यदि हां, तो क्या इसका शासनादेश जारी हो गया है ? यदि नहीं, तो क्यों | परिवहन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>10.02.2021 | 33. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार की 13 डिस्ट्रिक 13 डेस्टीनेशन की योजना के अन्तर्गत काशीपुर जिला उधमसिंहनगर के धार्मिक स्थल तीर्थ द्रोणासगर, मोटेश्वर महादेव मंदिर, माँ भगवती बाल सुन्दरी देवी मंदिर, गुरूद्वारा श्री ननकाना साहिब एवं रमणीक स्थल गिरीताल का सौन्दर्यीकरण किए जाने हेतु डी0पी0आर0 का गठन हो चुका है? यदि हां, तो सम्बन्धित योजना का प्रारूप क्या होगा ? | पर्यटन |

श्री मनोज रावत — **तृतीय सोमवार के अता0 प्रश्न सं0. 05 में स्थानान्तरित।**

11.02.2021

34\. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे की प्रदेश में सरकार द्वारा नन्दा देवी कन्या धन योजना के तहत जन्म के समय चलायी गयी हमारी कन्या हमारा अभिमान योजना के कन्याओं का चयन किया गया है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगी की वर्ष 2015–16, 2016–2017 में आवेदन कर चुकी पात्र कन्याओं की जनपदवार संख्या क्या है और कितनी कन्याओं को उक्त योजना से लाभान्वित किया गया है और कितनी कन्यायें लाभान्वित की जानी अवशेष है ? क्या यह भी सत्य है कि सरकार द्वारा पूर्व में संचालित की जा रही ''नन्दा देवी कन्या योजना'' ''हमारी कन्या हमारा अभिमान योजना'' बन्द कर दी गई है ? क्या योजनान्तर्गत 01 जुलाई 2017 से पूर्व चयनित सभी अवशेष कन्याओं को लाभान्वित करने के लिए सरकार द्वारा धनावंटन किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

समाज कल्याण